Class No. : ....

Name : ....

FY 05

FIRST YEAR HIGHER SECONDARY SECOND TERMINAL EXAMINATION, DECEMBER 2023

Part – II

HINDI

Maximum : 80 Scores

Time : 2½ Hours

Cool-off Time : 15 Minutes

उम्मीदवारों के लिए सामान्य निर्देश :

- *लेखन समय के अलावा, यहाँ 15 मिनट का 'कूल ऑफ टाइम' है ।*
- *प्रश्नों से परिचित होने के लिए और अपने उत्तरों की योजना बनाने के लिए 'कूल ऑफ टाइम' का प्रयोग करें ।*
- *उत्तर देने से पहले प्रश्नों को ध्यान से पढ़ें ।*
- *निर्देशानुसार विशिष्ट प्रश्न संख्या के उत्तर लिखें ।*

Score

सूचना : 1 से 5 तक के प्रश्नों के उत्तर कोष्ठक से चुनकर लिखें । (5×1=5)

1. 'चाँद और कवि' किसकी रचना है ?

   (जयशंकर प्रसाद, रामधारी सिंह दिनकर, चंद्रकांत देवताले)

2. कौन ज़मीन खोद रहा था ?

   (बूढ़ा आदमी, नौजवान, टिकट बाबू)

3. 'भूली-सी आ गई है', कौन ?

(दुख, क्रोध, वसंत)

4. असलम किस कथा का पात्र है ?

(अनुताप, दुख, अपराध)

5. जुलूस किस विधा की रचना है ?

(कहानी, नाटक, निबंध)

सूचना : कवितांश पढ़ें और 6 से 8 तक के प्रश्नों के उत्तर लिखें।

पत्थर की बैंच
जिसपर अंकित है आँसू, थकान
विश्राम और प्रेम की स्मृतियाँ
इस पत्थर की बैंच के लिए भी
शुरू हो सकता है किसी दिन
हत्याओं का सिलसिला

6. 'सिलसिला' का समानार्थी शब्द कौन-सा है ?

(विभाग, परंपरा, निवेदन) **(1)**

7. पत्थर की बैंच पर क्या-क्या अंकित है ? **(2)**

8. कवितांश की आस्वादन-टिप्पणी लिखें। **(6)**

Score

सूचना : 9 से 11 तक के प्रश्नों में से किन्हीं दो के उत्तर लिखें । **(2×2=4)**

9. आदमी का स्वप्न जल का बुलबुला है, ऐसा क्यों कहता है ?

10. असलम की मृत्यु कैसे हुई ?

11. 'हमारे पूर्वजों की इसी मनोवृत्ति का फल है, जो जगह-जगह पर अमराई देखते हैं ।' कौन-सी मनोवृत्ति ?

सूचना : 12 से 15 तक के प्रश्नों में से किन्हीं तीन के उत्तर लिखें । **(3×4=12)**

12. जीवन-वृत्त पढ़ें और जयशंकर प्रसाद के बारे में एक अनुच्छेद लिखें ।

जीवन-वृत्त	
नाम	: जयशंकर प्रसाद
जन्म	: 30 जनवरी 1889
जन्मस्थान	: वाराणसी, उत्तर प्रदेश
प्रमुख रचनाएँ	: झरना, आँसू , चंद्रगुप्त, कंकाल
विशेषताएँ	: छायावादी कवियों में अग्रणी

13. दोहा पढ़ें और आशय लिखें ।

बुरा जो देखन मैं चला, बुरा न मिलिया कोय ।
जो दिल खोजौं आपना, मुझ-सा बुरा न कोय ।

Score

14. सही मिलान करें ।

घटना	पात्र
आम की गुठलियाँ बोना	– बैंक का क्लर्क
आम का फल खाने की इच्छा करना	– फ्रैंकलीन
सुंदर लिपि में लिखना	– बूढ़ा आदमी
विद्यार्थी की मदद करना	– नौजवान

15. ये कथन पढ़ें और इब्राहिम अली के चरित्र पर टिप्पणी लिखें ।

- 'रोकना चाहते हैं – रोक लीजिए ! मगर आप हमें लौटा नहीं सकते ।'
- 'हमें अपने भाइयों से लड़ाई नहीं करनी है । कहो कहो सबसे, वापस लौट चलें ।'

सूचना : गद्यांश पढ़ें और प्रश्न 16 और 17 के उत्तर लिखें ।

राजधानी में डेंगू और मलेरिया के मामलों का बढ़ना गंभीर चिंता का विषय है । ऐसे समय में जबकि कुछ राज्यों में मलेरिया विभाग समाप्त कर दिया गया है, दिल्ली में मलेरिया फैलना नि:संदेह किसी लापरवाही की ओर संकेत करता है । हर वर्ष बरसात में बीमारियों का फैलना इस बात का प्रमाण है कि इसके स्थाई निवारण के लिए गंभीर प्रयास नहीं किए जा रहे हैं ।

16. बीमारियाँ कैसे फैलती है ? (2)

17. खंड का संक्षेपण करें । (6)

Score

सूचना : 18 से 22 तक के प्रश्नों में से किन्हीं तीन के उत्तर लिखें । (3×6=18)

18. संभ्रांत महिला रेलगाड़ी से कुछ चीज़ें बाहर फेंकती जा रही है । तब सहयात्री और संभ्रांत महिला के बीच का संभावित वार्तालाप तैयार करें ।

. रेलगाड़ी से बीज फेंकना

. लोगों का इससे कुछ फ़ायदा

. मानव जाति के भविष्य पर श्रद्धा और विश्वास

19. अंग्रेज़ी संवाद का हिंदी में अनुवाद करें ।

Rita – Hai Tina.

Tina – Oh Rita ! How are you ? It's been a long time.

Rita – I am fine, what about you ?

Tina – I am good too.

Rita – What are you doing now ?

Tina – Well, I have started my higher studies.

[higher studies – उच्च शिक्षा]

20. 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस है । इस अवसर पर आपके स्कूल के हिंदी क्लब की ओर से विविध कार्यक्रमों का आयोजन होनेवाला है । इसके लिए उचित पोस्टर तैयार करें ।

Score

21. यात्री का मन संघर्ष से भरा था । मान लें वह अपना संघर्ष डयरी में लिखता है । वह डायरी लिखें ।

. असलम की मृत्यु की खबर

. असलम के प्रति अपना व्यवहार

. पश्चाताप से उत्पन्न अनुताप

22. 'हमारे पूर्वजों की इसी मनोवृत्ति का फल है, जो हम जगह-जगह अमराई देखते हैं' - बूढे आदमी के निस्वार्थ जीवन के बारे में नौजवान अपने एक मित्र को पत्र लिखता है । वह पत्र लिखें ।

. आम की गुठलियाँ बोना

. नौजवान आश्चर्य-चकित होना

. निस्वार्थ मनोवृत्ति का अनुभव पाना

23. सही मिलान करें । (8×1=8)

Chats	–	प्रक्रिया
Input	–	सार्वजनिक
Process	–	सहेजें
Public	–	सामाजिक
Save	–	बातचीत
Share	–	कूडेदान
Social	–	अंतर्पात
Trash	–	साझा करें

Score

सूचना : 24 से 26 तक के प्रश्नों में से किन्हीं दो के उत्तर लिखें । (2×8=16)

24. किसी एक मनपसंद फिल्म की समीक्षा लिखें ।

. फिल्म का कथासार

. निदेशक की भूमिका

. पात्रों का अभिनय

. पटकथा, संवाद, छायांकन

25. ए. पि. एल. कंपनी की ओर से एक नया 'मोबैल फोन' (Mobile Phone) बाज़ार में आया है । इसके लिए एक आकर्षक विज्ञापन तैयार करें ।

. 120 जि. बि.

. स्लिम मॉडल

. कम दाम

. 2 वर्ष वारंटी

26. 'भारत में बालश्रम पर कानूनी रोकथाम है । लेकिन कई कारखानों में अब भी बालश्रम जारी है ।' इस विषय पर की गयी कार्रवाइयों की सूचना पाने के लिए सुरेश कुमार, श्रीनिकेतन, कंणूर की ओर से सार्वजनिक सूचना अधिकारी, रोज़गार मंत्रालय, भारत सरकार के नाम पर एक सूचना अधिकार पत्र तैयार करें ।